दिनांक : 02.04.2025 समय : 02.10pm

आकाशवाणी मध्यप्रदेष से प्रस्तुत हैं प्रादेशिक समाचार

**लोकसभा-वक्फ**

संयुक्त संसदीय समिति द्वारा रिपोर्ट किया गया वक्फ संशोधन विधेयक 2025, आज लोकसभा में पेश किया गया। केंद्रीय अल्पसंख्यक मामलों के मंत्री किरेन रिजिजू ने विधेयक पेश करते हुए कहा कि इस विधेयक का मुसलमानों की धार्मिक प्रथाओं से कोई लेना-देना नहीं है। उन्होंने कहा कि यह केवल वक्फ बोर्डों से संबंधित संपत्तियों से जुड़ा है। श्री रिजिजू ने कहा कि सरकार वक्फ बोर्डों को समावेशी और धर्मनिरपेक्ष बनाना चाहती है। उन्होंने यह भी कहा कि यह कानून मस्जिद के प्रबंधन के लिए नहीं है।

श्री रिजिजू ने कहा कि मौजूदा विधेयक के अनुसार, वक्फ बोर्ड में विभिन्न मुस्लिम संप्रदायों, महिलाओं और गैर-मुस्लिमों और अन्य लोगों का प्रतिनिधित्व होगा। उन्होंने विपक्ष पर विधेयक को लेकर लोगों को गुमराह करने का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि इस विधेयक पर 97 लाख से अधिक सुझावों पर विचार किया गया है।

**भोपाल में जश्न**

लोकसभा में पेश हुए वक्फ बोर्ड संशोधन बिल के समर्थन में भोपाल के हथाईखेड़ा स्थित मस्जिद रहमत के सामने मुस्लिम समुदाय ने जश्न मनाया। जश्न के दौरान बड़ी संख्या में मुस्लिम महिलाएं और बच्चे भी मौजूद रही जिन्होंने हाथों में गुलाब का फूल और तख्तियां लेकर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का आभार व्यक्त किया। इस दौरान जमकर आतिशबाजी की गई। इस मौके पर महिलाओ ने कहा कि यह हमारे हित में फैसल है, हम दिल से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के साथ हैं।

**स्कूल चले अभियान**

स्कूल चलें हम अभियान के दूसरे दिन आज सरकारी स्कूलों में "भविष्य से भेंट" कार्यक्रम हो रहा है। इस कार्यक्रम में समाज के विभिन्न क्षेत्रों के प्रसिद्ध, प्रबुद्ध और सम्मानित गणमान्य नागरिक प्रेरक के रूप में स्कूलों में पहुँचकर विद्यार्थियों का मार्गदर्शन कर रहे हैं। भविष्य से भेंट कार्यक्रम के तहत विशिष्ट उपलब्धियाँ हासिल करने वाले खिलाड़ी, साहित्यकार, कलाकार, मीडिया, संचार मित्रों, जिला प्रशासन व पुलिस अधिकारियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया है।

**जबलपुर हाईकोर्ट**

जबलपुर हाईकोर्ट ने राज्य सरकार को अपात्र नर्सिंग कॉलेजों के करीब 10 हजार स्टूडेंट्स को 30 दिन के भीतर पात्र कॉलेजों में ट्रांसफर करने का आदेश दिया है। हाईकोर्ट ने नर्सिंग कॉलेजों की मान्यता संबंधी ओरिजिनल फाइलों को याचिकाकर्ता द्वारा अवलोकन के बाद रिपोर्ट पेश करने के निर्देश भी दिए हैं। मामले में अगली सुनवाई 4 अप्रैल को होगी।

मुख्यमंत्री बैठक

भोपाल में मुख्यमंत्री निवास स्थित समत्व भवन में आज एक बैठक में 'प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना' के अंतर्गत चल रहे कार्यों की समीक्षा की गई। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने बैठक में वरिष्ठ अधिकारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्रों में नागरिकों के सुगम आवागमन एवं बेहतर कनेक्टिविटी के लिए सरकार निरंतर प्रयासरत है। बैठक में पंचायत एवं ग्रामीण विकास एवं श्रम मंत्री प्रहलाद सिंह पटेल उपस्थित रहे।

कुछ समाचार संक्षेप में :–

- उपमुख्यमंत्री जगदीश देवड़ा ने आगरमालवा जिले के नलखेड़ा स्थित विश्व प्रसिद्ध पीताम्बरा सिद्धपीठ माँ बगलामुखी मंदिर पहुंचकर दर्शन पूजन और हवन भी किया। इस मौके पर श्रीदेवड़ा ने देश व प्रदेश वासियों की सुखसमृद्धि की कामना की।
- नर्मदापुरम जिले के सिवनी मालवा के खेड़ापति मंदिर में 6 दिवसीय गणगौर महोत्सव की शुरुआत हुई। मंगलवार रात से शुरू हुए इस उत्सव में भक्तों ने मंदिर में पूजन-अर्चन किया।
- सतना में नरवाई से आग लगने की होने वाली घटनाओं, सार्वजनिक सम्पत्ति की सुरक्षा और पर्यावरणीय क्षति को रोकने के उद्देश्य से कलेक्टर एवं जिला मजिस्ट्रेट डॉ. सतीश कुमार एस ने नरवाई को जलाने पर प्रतिबंध लगा दिया है।